MOTION *RE*

I. THE REPORT OF THE EDUCATION COMMISSION (1964—66).

II. THE REPORT (1967) OF THE COMMITTEE OF MEMBERS OF PARLIAMENT ON ERUCATION—*Continued.*

THE DEPUTY CHAIRMAN: We now come to the discussion of the Report on Education. Those who want to go for lunch may go. Mr. Ganga Sharan Sinha.

SHRI GANGA SHARAN SINHA (Bihar): Madam Deputy Chairman, there was no previous notice that there would be no lunch today. We were simply told that we would sit till 5.30. We were not informed that there would be no lunch.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I would like to put to the House whether we can adjourn now and meet again at 2.

SHRI RAJENDRA PRATAP SINHA (Bihar): It is much better to adjourn now and extend the sitting beyond 5. It is now 1.25 or whatever it may be. Shri Ganga Sharan Sinha is a very important Member of this House and his views should be heard by the House when we assemble after lunch so that there may be some Members.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I am in the hands of the House. There are very important Members still to speak and the Congress list is far too long and it will never be exhausted.

SHRI RAJENDRA PRATAP SINHA: We can meet at 2-30 and extend the sitting till 5-30.

THE DEPUTY CHAIRMAN: When will the Minister reply.

SHRI NIREN GHOSH (West Bengal): Tomorrow.

PANDIT S. S. N. TANKHA (Uttar Pradesh): Keep it for tomorrow.

THE DEPUTY CHAIRMAN: There is one Minister who wants to intervene. I am in the hands of the House.

SHRI NIREN GHOSH: Let us meet at 2.30 . . .

THE DEPUTY CHAIRMAN: The Minister will reply at 5-30. But my request to the Members is that they will have to be brief and to the point.

The House stands adjourned till 2-30.

The House then adjourned for lunch at twenty-five minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at half-past two of the clock. *The* VICE-CHAIRMAN (SHRI RAM NIWAS MIRDHA) in the Chair.

श्री गंगा शरण सिंह : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, शिक्षा सबंधी जिस कमीशन की रिपोर्ट हमारे सामने पेश है यह पहला कमीशन नहीं है जो भारत सरकार ने बनाया । आजादी मिलने के बाद से सरकार की ओर से कई कमीशन बनाये गये, लेकिन उन कमीशनों में और इस कमीशन में अन्तर रहा । पहले जो कमीशन बनाये गये वे किसी खास विभाग के लिये, किसी खास क्षेत्र के लिये बनाये गए, कोई युनीवर्सिटी के लिये बनाया गया, कोई प्राइमरी एजूकेशन के लिये बनाया गया और इस तरह से अलग-अलग विभागों के लिये कमीशन बनाये गये । यह पहला कमीशन है जो पूरी शिक्षा पद्धति के बारे में राय देने के लिये बनाया गया आजादी के बाद इस सम्बन्ध में यह पहला कदम उठाया गया है ।

मुझे इस कमीशन के निर्माण के संबंध में दो शिकायतें है। एक तो यह है कि यह कमीशन आजादी के 17–18 वर्ष बाद क्यों बनाया गया। उचित तो यह था कि अगर हम चाहते थे कि आजादी के बाद हमारी शिक्षा पद्धति में सुधार हो तो उसी समय इस संबंध में कार्यवाही करते। आजादी के आन्दोलन के दरम्यान बार-बार यह कहा गया, बार-बार यह नारा लगाया गया कि हमारी शिक्षा पद्धति खराब है। कई आधार ऐसे थे जिन पर हमने आजादी के आन्दोलन को खड़ा किया था, हमारा यह भी मत था कि अंग्रेजों ने जो शिक्षा पद्धति चलाई थी वह हमारे देश के अनुकूल नहीं थी, लेकिन आजादी के प्राप्त करने के बाद 17–18 साल हो गये शिक्षा पद्धति के संबंध में जांच करने के लिये, अपनी राय देने के लिये इस तरह का कदम नहीं उठाया गया।

दूसरी शिकायत मुझे इस कमीशन के संबंध में यह है कि जहां तक मेरी जानकारी है, हमारे देश में शिक्षाविदों की कमी नहीं है, शिक्षा विशेषज्ञों की कमी नही है, विक्षा–शास्त्रियों की कमी नही है, लेकिन यह जो कमीशन बना इसमें दूसरे देशों के लोग लाये गये उनकी विद्वता और उनकी दूसरी खूबियों के लिये पूरी श्रद्धा रखते हुए मैं यह कहना चाहता हूं कि हमारे देश की शिक्षा पद्धति के निर्माण के लिये, उसके संबंध में नीतियां बनाने के लिये, कार्यक्रम तैयार करने के लिये यह आवश्यक नहीं था कि दूसरे मुल्कों से इतने लोगों को बुलाया जाता। हमारे देश के जो शिक्षा-शास्त्री हैं वे हमारे देश की शिक्षा के संबंध में, यहां के वातावरण के संबंध में, यहां की आवश्यकताओं के संबंध में जानते रहे है और इतना ही नहीं है, दूसरे देशों की जो शिक्षा–पद्धतियां हैं उनके बारे में भी हमारे शिक्षा-शास्त्रियों की जानकारी कम नहीं है, प्रायः सभी देशों के बारे में हमारे शिक्षा विभाग में और शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले जानते रहे है। ये दो चीजें है, एक तो बहुत देर से यह चीज आई, दूसरे इसमें जो लोग लिये गये उनको न लिया जाता तो अच्छा था।

श्री अकबर अली खान (आन्ध्र प्रदेश) : बराए नाम दो तीन बातें।

श्री गंगा शरण सिंह : दो-तीन ही नहीं और भी है।

सबसे बड़ी बात यह है शिक्षा के सम्बन्ध में कि हमने 18 वर्षों तक एक तरह से उस तरफ ध्यान नहीं दिया। अगर हम इसकी पृष्ठभूमि में जायें तो पता चलेगा कि ब्रिटिश गवर्नमेंट ने अपने दृष्टिकोण से ही किया हो, लेकिन ब्रिटिश राज ने, और ब्रिटिश राज ने ही नहीं, ईस्ट इंडिया कम्पनी तक ने शिक्षा के सम्बन्ध में ध्यान दिया था। 1854 ई० में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी ने सारे भारतवर्ष के लिए शिक्षा की नीति की घोषणा की थी। यह ठीक है कि उनका अपना दृष्टिकोण था, लेकिन उस दृष्टिकोण में भी जो यहां की परिस्थिति के अनुसार समझा था उसकी घोषणा की थी। 1854 ई० की जो घोषणा हुई उसमें 1857 के आन्दोलन के चलते, उस समय जो क्रान्ति हुई उसके कारण पूरी कामयाबी नहीं हो सकी और उसका परिणाम यह हुआ कि 1859 में उसके लिए एक इन्क्वायरी कमेटी बिठाई गई। उस इन्क्वायरी कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद फिर उस पर कार्यवाही हुई। कार्यवाही करने के बाद 1881 में दूसरा कमीशन बिठाया गया और इस कमीशन की जो रिपोर्ट आई उसके आधार पर 1884 में फिर सरकार ने शिक्षा के सम्बन्ध में नीति की घोषणा की। उसके बाद दूसरी घोषणा हुई 1904 में और तीसरी घोषणा

[श्री गंगा शरण सिंह]

हुई 1913 में । 1913 के बाद शिक्षा के सम्बन्ध में न तो ब्रिटिश गवर्नमेंट ने कोई घोषणा की और न हमने ही आजादी के बाद ऐसा कुछ किया । आज पहली बार सामूहिक रूप से, सम्पूर्ण रूप से शिक्षा के संबंध में, उसकी नीति के सम्बन्ध में कोई घोषणा हुई है । मैं समझता हूं कि इतने दिनों का जो गैप हुआ, इतने दिनों का जो अवकाश हुआ, वह आइन्दा नहीं होना चाहिए ।

मुझे यह प्रसन्नता है कि हमारे शिक्षा मंत्री ने कमीशन की जो रिपोर्ट आई उस पर इतनी जल्दी से, इतनी मुस्तैदी से कायवाही की है, उसे संसद-सदस्यों की समिति के सामने रखा और तीन महीने के भीतर संसद-सदस्यों की समिति की जो रिपोर्ट है उसको भी संसद के सामने रखा । मुझे इस बात की भी प्रसन्नता है कि सरकार ने इस पर अपनी कोई राय कायम करने के पहले संसद को मौका दिया है, राज्यों को मौका दिया है और लोगों को मौका दिया है कि जो रिपोर्ट आई है संसद-सदस्यों की और शिक्षा आयोग की, उसके सम्बन्ध में अपनी राय दे सकें । उन लोगों के राय देने के बाद उस राय की रोशनी में सरकार अपना निर्णय करे, यह अच्छा निर्णय है ; नहीं तो बहुत बार ऐसा हुआ करता है कि कोई रिपोर्ट आई, सरकार के पास गई और सरकार ने उतावली में कोई राय कायम कर ली और उस राय को फिर जड़ भरत की तरह ऐसे पकड़ रही है कि कोई अक्ल की बात कीजिए तो भी टस से मस नहीं होती । इस दृष्टि से सरकार ने जो मौका दिया, बिना अपनी राय जाहिर करते हुए, मैं समझता हूं कि यह एक अच्छी और नई परम्परा है । शिक्षा विभाग में ही नहीं, दूसरे विभागों में भी यह परम्परा रहनी चाहिए और कायम होनी चाहिए ।

महोदय, हमारे सामने जो रिपोर्ट है उसके चार भाग हैं—पहला भाग है शिक्षा के उद्देश्य के सम्बन्ध का दूसरा भाग है नीति के सम्बन्ध का, तीसरा भाग है पद्धति के सम्बन्ध का और चौथा भाग है कार्य के सम्बन्ध का । और कार्य के सम्बन्ध का जो भाग है उसके दो हिस्से हैं, एक तो है तात्कालिक कार्यक्रम, दूसरा है पूर्ण कार्यक्रम । जैसी कि बिहारी दास ने आशंका प्रगट की थी, मुझे दुःख के साथ कहना पड़ता है कि उनकी आशंका सही साबित हुई है । कल उन्होंने बहस के दौरान कहा था कि जिस परिस्थिति में, जिस तरह से यह आया है उसमें खतरा इस बात का है कि लैंग्वेज के सम्बन्ध में, भाषा में ही अधिक बहस होगी और जो रिपोर्ट के मुख्य अंग हैं वे नजर अन्दाज हो जाएंगे, उनकी उपेक्षा हो जायगी । कल से आज तक मैं यही देख रहा हूं कि भाषा के सम्बन्ध मे ही ज्यादा जोर डाला जा रहा है भाषा के सम्बन्ध में ही ज्यादा विचार व्यक्त किए जा रहे हैं, जो उद्देश्य, नीति और पद्धति का भाग हैं उस पर उतना जोर नहीं डाला जा रहा है ।

एक बात की खुशी भी मुझे है कि इस रिपोर्ट को आप देखेंगे तो पता चलेगा कि जितने लोगों ने इस पर अपनी असहमति जाहिर की है, नोट आफ डिस्सेन्ट दिया, तादाद उनकी 8–9 हैं, लेकिन अगर आप उसका विश्लेषण करें तो आपको पता चलेगा कि सिर्फ तीन-चार विषय ऐसे हैं जिनमें मुख्यतः लोगों ने अपनी असहमति जाहिर की है और एक-एक विषय पर असहमति जाहिर करने वालों की संख्या 4–5 से ज्यादा नहीं है । समिति की जो रिपोर्ट है, असहमति की रिपोर्ट भी आकार-प्रकार में उसी के जैसी है; किसी किसी को उससे भय सा उत्पन्न होता है कि जितनी बड़ी रिपोर्ट है उतना ही बड़ा नोट आफ डिस्सेन्ट है । नोट आफ डिस्सेन्ट में सबसे बड़ा महन्त दिग्विजय नाथ का है । वह बहुत ही अच्छा लिखा हुआ है । उसके विचारों के साथ कोई सहमत हो या न हो लेकिन यह मानना पड़ेगा कि उस नोट के लिखने में काफी परिश्रम किया गया है । मेरी दृष्टि में जरा सी दिक्कत की बात यह आती है कि वह नोट आफ डिस्सेन्ट

नहीं है, वह शिक्षा आयोग की आलोचना है। शिक्षा आयोग पर एक थीसिस है, शिक्षा आयोग पर एक कमेन्ट है। उसमें जो विषय लिए गए हैं वे बहुत अच्छे हैं, उन पर परिश्रम किया गया है, उसके अन्दर जो विचार व्यक्त किए गए हैं उनके लिए तैयारी की गई है। उनके विचारों से मतभेद रखते हुए भी मैं यह मानता हूं। अगर सही मानों में दोनों को लेकर कोई पढ़ेगा तो पता चल जायगा कि वह नोट आफ डिस्सेन्ट नहीं है, शिक्षा आयोग पर एक तरह का कमेन्ट है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, शिक्षा के उद्देश्य के संबंध में जब हम सोचते हैं तो सबसे बड़ी बात जो सामने आती है वह यह है। हम एक जनतांत्रिक देश में रहते हैं, हम शांतिमय तरीकों से अपने उद्देश्यों को हासिल करना चाहते हैं। प्रश्न यह उठता है कि यह जनतांत्रिक शांतिमय तरीका सिर्फ राजनीतिक क्षेत्र तक सीमित रहेगा। सिर्फ आर्थिक क्षेत्र तक सीमित रहेगा या समाज और शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रवेश करेगा ? अगर हम यह चाहते हैं कि जनतांत्रिक तरीका सिर्फ राजनैतिक और आर्थिक सीमा तक केन्द्रित नहीं रह जाय और समाज और शिक्षा में उसका प्रवेश हो तो शिक्षा की दिशा हमको बदलनी होगी, शिक्षा का दृष्टिकोण हमको बदलना होगा। इस के लिये सबसे पहले यह स्पष्ट करना होगा कि वह शिक्षा किस के लिये है किस प्रकार की है, किस तरह की है। यह शुरू में कहना होगा। आज तक हुआ क्या है। मेरे मित्र कहते हैं कि तोतारटंत की तरह बार बार उद्देश्य और सिद्धांत की बातें दोहराई जाती हैं। यह कह कर सिद्धान्त की चर्चा का मजाक उड़ाया जाता है। मैं कहना चाहता हूं कि अभी आखिर गनीमत है कि सिद्धांत की बात दोहराई तो जाती है, अभी वह परिस्थिति तो नहीं आई है कि सिद्धांत की बात कहने के लिये जीभ तराश दी जाय। सिद्धांत की बातों को लोग भूल जांय। इसलिये मैं तो चाहूंगा कि सिद्धांत की बात, चाहे एक आदमी के दिल में भी आती हो उसे बराबर कहते रहना चाहिये। आज वह जमाना है जब कि उसके ऊपर ध्यान देने वाले नहीं, हां, तिस पर हमें बराबर चिराग जलाते रहना चाहिये ताकि रोशनी फैल सके। इसलिये शिक्षा के सम्बन्ध में सिद्धांत की बात दोहराई जाती है, उसको बेवकूफी की बात नहीं समझनी चाहिये, उसको यह एक पिष्टपेषण नहीं समझना चाहिये और यह नहीं समझना चाहिये कि कोई गलत काम किया जा रहा है। हम चाहते हैं कि शिक्षा के सम्बन्ध में हमारा दृष्टिकोण जनतांत्रिक हो, डेमोक्रेटिक हो और शिक्षा में कोई वेस्टेड इंटरेस्ट, निहित स्वार्थ नहीं रह जाय। तो शिक्षा की पद्धति में हमें आमूल परिवर्तन करना पड़ेगा और सब से पहला काम, सब से बड़ी चीज जो इस रिपोर्ट में करने की चेष्टा की गई है वह यह है कि हमने शिक्षा पर एक मुख्य उद्देश्य भी कायम करने की कोशिश की है, जिसका रूप पहले के बहुत से उद्देश्यों से थोड़ा सा भिन्न है और आज की हमारी जो मान्यता है, आज का हमारा जो समाज है, आज के हमारे जो सिद्धांत हैं, उनके अनुकूल बनाने की कोशिश की है। क्या हुआ है ? जैसे कि अभी तक आर्थिक जगत में, जैसे कि अभी तक राजनैतिक जगत में, हमारे यहां निहित स्वार्थ के कुछ लोग हैं और कुछ ऐसे लोग हैं जिनका कोई स्वार्थ रक्षित नहीं रह गया, ऐसा ही हमारे दुर्भाग्य से शिक्षा के क्षेत्र में भी हुआ। शिक्षा पैसे से खरीदने वाली चीज बन चुकी है। परिणाम यह हुआ कि सिर्फ आर्थिक जगत में ही हमारे यहां स्तर नहीं हो गये थे, क्लासेज नहीं बन गये थे, श्रेणियों का निर्माण नहीं हो गया था, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी श्रेणियों का निर्माण हुआ और क्लासेज बन गये और उसका परिणाम यह हुआ कि कुछ लोग जिनके पास साधन हैं, जिनके पास जरिया है, जिनको सहूलियत है, उनका एक वर्ग निकल आया, भिन्न भिन्न वर्गों में से एक ऐसा वर्ग निकल आया, वह वर्ग राजनीतिज्ञों में से निकला बड़े बड़े व्यापारियों में से निकला, बड़े बड़े सरकारी अफसरों में से निकला, जिन्होंने सिर्फ

[श्री गंगा शरण सिंह]

राजनीति को अपनी सत्ता में, अपने हाथ में नहीं किया बल्कि जिन्होंने शिक्षा को भी अपने हाथों में किया और आज परिस्थिति यह हो गई है कि एक साधारण हैसियत के आदमी के लिये अपने बच्चों को शिक्षा देना चाहे उसका बच्चा तेज से तेज हो, अच्छा से अच्छा हो, कठिन ही नहीं, मुश्किल हो गया है, सम्भव नहीं रह गया है। इसलिये आज जब शिक्षा के बारे में कोई बात करेंगे और जनतांत्रिक बात करेंगे तो सब से पहली बात यह करनी होगी, बहुत सी बातों को छोड़ कर कि शिक्षा सब के लिये सुलभ हो, शिक्षा सिर्फ पैसे के आधार पर सुलभ नहीं बनी रहे, जिनके पास पैसा है उनको ही सुलभ नहीं रहे, सब को सुलभ हो, जिसको कि पढ़ने की ख्वाहिश है, पैसा हो या न हो, उसको शिक्षा सुलभ होनी चाहिये। जो पुरानी शिक्षा पद्धति थी उसमें यह नहीं था। सब से पहला दृष्टिकोण शिक्षा को सुलभ बनाने का है, सब से पहले शिक्षा को सुलभ बनाने के लिये कदम उठाना पड़ेगा। शिक्षा को भी हमें जनतांत्रिक डेमोक्रेटिक बनाना पड़ेगा।

सवाल उठता है कि वह जनतांत्रिक बनेगी, उसे जनतांत्रिक बनायेंगे तो स्टैंडर्ड का क्या होगा। कुछ लोग कहते हैं कि जब कौमन प्राइमरी स्कूल में हमारे बच्चों को पढ़ना लिखना सिखाया जायेगा, वहां पर लिखाया पढ़ाया जायेगा, तो स्टैंडर्ड का क्या होगा? मैं अदब से कहना चाहता हूं कि यह स्टैंडर्ड का प्रश्न कितने लोगों के लिये है। यह स्टैंडर्ड का प्रश्न एक निहित स्वार्थ का प्रश्न है। ये स्टैंडर्ड वाले आज सौ में कितने हैं? दो फीसदी भी नहीं हैं जो कि उस विशेष शिक्षा को उपलब्ध कर सकते हैं जो कि उस विशेष शिक्षा से फायदा उठाते हैं। अगर हमारी शिक्षा जनतांत्रिक ढंग से चलने वाली है तो दो प्रतिशत या 1.8 प्रतिशत ऐसे होंगे जिनके लिये शायद स्टैंडर्ड का प्रश्न है लेकिन ये जो 98 परसेंट हैं इनका भी हमको सोचना है। इस दृष्टि से आज जो तथाकथित स्टैंडर्ड वाले स्कूल हैं उनका प्रश्न पीछे चला जाता है लेकिन जो प्राइमरी स्कूल हैं, बोर्ड के स्कूल हैं, म्युनिसिपैलिटी के स्कूल हैं उनका क्या हाल है, यह प्रश्न सामने आता है। आज जो बड़े लोग हैं, जिनके पास साधन हैं उनके लिये अलग स्कूल हैं, उनका समाज अलग है, उनके लिये सब चीजें सभी साधन अलग हैं, उपलब्ध हैं, आज उनके स्कूलों की भाषा अलग है और इधर किसी स्कूल के लिये मकान नहीं है, किसी के लिये सामान नहीं है, किसी के लिये उपयुक्त टीचर नहीं है, कहीं रहने को जगह नहीं है, पढ़ाई का स्टैंडर्ड नहीं है। तो असल में हमें इनको ऊंचा करना है। जब तक ऊपर का वर्ग क्लास बनाते जायेंगे तब तक नीचे का जो वर्ग है उसकी उपेक्षा होगी। इसलिये आज एक बीच का रास्ता निकालना है। जो ऐसे उपेक्षित लोग हैं वह आज सिर्फ शिक्षा की दृष्टि से उपेक्षित नहीं होते बल्कि आर्थिक और समाज की दृष्टि से भी उपेक्षित होते हैं। मुझे आश्चर्य हुआ एक जगह भर्ती के लिये लड़कों की जो परीक्षा ली गई उसको देख कर। एक स्कूल में, काफी अपटूडेट स्कूल में यह बात हुई। वहां देहात के लड़के भी आये, गरीबों के लड़के भी आये, बाहर के तथा धनियों के भी और उनकी समान परीक्षा ली गई। वहां टेलीफोन रखा गया यह देखने को कि लड़का टेलीफोन आपरेट करना जानता है या नहीं। यह देखा कि लड़का रेडियो चलाना जानता है या नहीं। ऐसी बहुत सी आधुनिक चीजें जो पैसे वालों को उपलब्ध हैं वह उस परीक्षा क्रम में रखी गईं। एक गरीब का लड़का टेलीफोन आपरेट करना कैसे जाने। जिसने रेडियो दूसरों के यहां शायद देखा होगा वह रेडियो आपरेट करना कैसे जानें। इसलिये मैं आपसे विनम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि समान स्कूलों में जो थोड़ी सी

कठिनाई मालूम होती है वह इसीलिये कि निहित स्वार्थों का जो हित है वह हित आज खतरे में पड़ गया है। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि उनकी तरफ से नजर हटा कर जो 98 प्रतिशत लोग हैं उनकी तरफ देखिये और तब आपको शिक्षा के क्रम में, शिक्षा की सारी चीजों में परिवर्तन की आवश्यकता पड़ेगी। इसलिये सबसे पहला दृष्टिकोण जो मैंने और मेरे साथियों ने रखा है वह यह है कि शिक्षा सबके लिये सुलभ हो और इसी कारण आप पायेंगे कि इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जब कोई कम्पीटीशन हो, प्रतिद्वन्दिता हो तो क्या हो। आज कोई कम्पीटीशन होता है, कोई प्रतिद्वन्द्विता होती है, आप देख लीजिये उस प्रतिद्वन्द्विता में देहात से आने वाले और गरीबों के जितने लड़के होते हैं उनके लिये बहुत कम गुंजाइश होती है क्योंकि शहरों के स्कूलों का स्टैंडर्ड ऊंचा है, शहरों में सहूलियतें हैं, पैसे वालों को ज्यादा जानकारी है, इसलिये कि उनको सहूलियतें हैं और गरीब तथा देहात के बच्चों को इन चीजों की जानकारी नहीं होती है, उनको सुविधा नहीं मिलती है, साधन नहीं मिलता है चाहे कोई तेज से तेज बच्चा हो उसकी ऐसी प्रतिद्वन्द्विता में कोई गुंजाइश नहीं होती, इसीलिये आप पायेंगे कि इस रिपोर्ट में इस बात की चर्चा की गई है कि ऐसे जो कम्पीटिशन होते है, ऐसी प्रतिद्वंद्वितायें होती हैं वह क्षेत्र के हिसाब से अलग-अलग हों और क्षेत्र के हिसाब से जो बच्चे ऊपर आयें उनको पारितोषिक दिया जाय, प्रोत्साहन दिया जाय, उनके लिये गुंजाइश की जाय। सब के लिये एक नहीं रहे।

इस रिपोर्ट की दो मुख्य बातें है, एक तो यह कि शिक्षा का माध्यम क्या हो और दूसरी यह कि कामन स्कूल हों, नेबरहुड स्कूल हों। ये दो बातें रिपोर्ट की धुरी हैं, ये इसकी रीड़ हैं जिस पर यह सारी रिपोर्ट आधारित है। मैं समझता हूं कि अगर हमारे देश में शिक्षा को जनता तक पहुंचाना है, सही मानों में सारे देश को शिक्षित करना है, अगर हमारे देश में शिक्षा और समाज के क्षेत्र में समानता लानी है तो बिना क्षेत्रीय भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाये हुये वह चीज नहीं आ सकती है। क्षेत्रीय भाषायें शिक्षा का माध्यम होंगी तभी देश में जितना जो टेलेंट है, जो तेजी है, उसको पूरी तरह से विकसित होने का, काम करने का मौका मिलेगा। दूसरी बात यह है कि जो लोग एक भाषा के चलते निहित स्वार्थ में बंध गये हैं, एक उनका निहित स्वार्थपन इससे खत्म होगा, उनको कामन आदमी साधारण आदमी की कतार में खड़े हो कर प्रतिद्वन्द्विता करनी पड़ेगी और तेजी नहीं होने पर भी भाषा के आधार पर जो विशेष लाभ मिलता है वह नहीं मिल सकेगा। इसलिये इसकी पहली धुरी यह है कि क्षेत्रीय भाषायें शिक्षा का माध्यम होनी चाहियें और तभी शिक्षा का जो उद्देश्य हम अपने सामने रखते हैं वह पूरा हो सकता है, उसके बगैर नहीं हो सकता है।

दूसरी बात यह कि आज क्या होता है, आप देखते हैं कि एक बंगले में रहने वाले साहब हैं। उनका लड़का चार मील मोटर पर चढ़ कर पढ़ने जाता है चाहे वह लड़का कितना ही डल से डल हो, बुरा से बुरा हो, मंद से मंद बुद्धि का हो, और दूसरी ओर एक तेज से तेज लड़का, उसी अहाते का एक मेहतर का लड़का है उसको सड़े से सड़े प्राइमरी स्कूल में जाना पड़ता है। अब अगर इसकी चर्चा होगी तो यहां कहा जायगा कि साहब के लड़के का स्टैंडर्ड खराब हो जायगा, स्टैंडर्ड किसका खराब होगा। इन मुट्ठी भर लड़कों का जो अपने पैसे के बल पर डलनेस, मंदबुद्धिता को छिपा कर आज तरजीह पाते हैं लाखों करोड़ों लड़कों के ऊपर। इसके लिये आप को पूरी चेष्टा करनी होगी और मेरा विश्वास है कि जहां साहबों के लड़के कामन स्कूल में गये तो उन स्कूलों का स्टैंडर्ड भी बढ़ेगा और फिर आप यह भी देखिये कि समिति ने कामन स्कूल के लिये सिर्फ प्राइमरी स्कूलों के लिये ही सिफारिश की है, सब के लिये कामन स्कूल की

[श्री गंगा शरण सिंह]

बात नहीं कही है, तो कौमन स्कूलों का स्टैंडर्ड भी बढ़ेगा और जो बंगलों में रहने वाले नाले के ऊपर बने हुये स्कूलों की उपेक्षा करते हैं उनके लड़कों को जब कौमन स्कूल में जाना पड़ेगा तो आप विश्वास कीजिये महीने भर में उन स्कूलों का रंग बदल जायगा, उसकी बिल्डिंग बदलेगी। स्टैंडर्ड बदलेगा, सारी चीजें बदलेंगी। आज स्थिति यह है कि जिनके पास पैसा है, साधन है, उनका उन स्कूलों में कोई स्वार्थ नहीं है, कोई दिलचस्पी नहीं है और उसका परिणाम यह हुआ है कि वे स्कूल नितांत उपेक्षित हैं और उनमें पढ़ाने और पढ़ने वाले जो हैं उनमें और जानवर में फर्क करना बहुत मुश्किल है। इसलिये आज शिक्षा के क्षेत्र में जनतंत्र का यह तकाजा है कि जैसे हम आर्थिक क्षेत्र में भेदभाव मिटाना चाहते हैं, नीचे और ऊपर के भाव को मिटाना चाहते हैं, जिस तरह से शोषक और शोषित के भेद को मिटाना चाहते हैं, उसी प्रकार शिक्षा में भी करना है क्योंकि शिक्षा के क्षेत्र में जो निहित स्वार्थ वाले हैं उनकी वजह से एक तरह से शोषक और शोषित का संबंध हो गया है। मैं आपसे यह कहना चाहूंगा जो थोड़ी बहुत दिक्कत आपको मालूम होती है उसके लिये आप 98 प्रतिशत की तरफ देखें, 2 प्रतिशत की तरफ नहीं देखें और इसीलिये शिक्षा के रूप और उद्देश्य के सम्बन्ध में जो ये दोनों सिफारिशें हैं उन सिफारिशों को आपको मानना चाहिये।

(*Time bell rings*)

SHRI AKBAR ALI KHAN: Mr. Vice-Chairman, he is the Chairman of the Parliamentary Committee. I would request you to give him more time so that he can explain more points.

श्री गंगा शरण सिंह: दो तीन बातें कही गई आलोचना के सिलसिले में। एक मित्र ने कहा—मैं नाम नहीं लेना चाहता कि यह रिपोर्ट देशद्रोहिता का प्रमाण है। मैं स्वभावतः ऐसे कड़े शब्दों के प्रयोग का आदी नहीं हूं और उसका जवाब उसी तरह से देने का भी अभ्यस्त नहीं हूं। मेरे मित्र डाह्याभाई पटेल हैं, श्रीमती यशोदा रेड्डी हैं, भाषा के सम्बन्ध में हमारी उनकी राय नहीं मिलती है लेकिन मैं मानता हूं कि डाह्या भाई पटेल भी उतने ही देशभक्त हैं जितना मैं हूं। भाषा के सम्बन्ध में अगर किसी से मेरी राय नहीं मिलती र, इसका मतलब यह नहीं होता कि वह देशद्रोही हो गया है। इसलिये आज यह कहना कि यह रिपोर्ट देशद्रोहिता की है, मैं समझता हूं यह कहना न शब्द के साथ न्याय है, न विषय के साथ न्याय है, न रिपोर्ट के साथ न्याय है, न जिसके लिये कहा गया उस के साथ न्याय है और न कहने वाले का अपने प्रति न्याय है। विचारों के मतभेद को आप देशद्रोहिता में परिणत कर दें, उसका फिर कहीं अन्त नहीं होता है। मुझे तो इसलिये भी और दलीलों के अलावा एक दलील रिपोर्ट की राय के पक्ष में लगती है कि हम सही रास्ते पर हैं—एक ओर ऊपर आक्रमण किया जाता है कि हम अंग्रेजी लादना चाहते हैं दूसरी ओर आक्रमण किया जाता है कि कि हम हिन्दी के फेनेटिक हैं— तो वगैर दलील के भी मुझे खुद महसूस होने लगता है जैसे मैं सही रास्ते पर हूं और मैं समझता हूं इस उम्र में इन दिनों तक काम करने के बाद, आज मुझे अपने सम्बन्ध में यह सार्टीफिकेट देने की जरूरत नहीं है कि राष्ट्रभाषा हिन्दी का मैं हिमायती हूं या नहीं हूं। मैं उसे अपने लिये शर्म की बात समझता हूं।

दूसरी बात यह कही गई कि हम लोगों ने शिक्षा को पीछे धकेल दिया है, यानी जैसा कांस्टीटयूशन में था उससे भी ज्यादा पीछे रहना चाहते हैं। इस पर जरा गौर किया जाय तो ऐसा नहीं लगेगा। हमने कहा है प्राइमरी स्कूल के स्टेज को दो भागों में विभक्त कीजिये। इसके बारे में कहा गया कि हम तो संविधान में जितना कहा गया था

कि चौदह वर्ष तक की उमर के बच्चों को मुफ्त शिक्षा मिलेगी दस वर्ष के भीतर उससे पीछे चले गये। मैं कहता हूं कि ऐसी बात नहीं है। हम जो आज कह रहे हैं वही बात पहले नहीं की गई, उसी वजह से संविधान में दस वर्ष के भीतर मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा की पहली बात अभी तक पूरी नहीं हुई। संविधान में कहा गया है कि पन्द्रह वर्ष में हिन्दी राष्ट्र भाषा हो जायेगी, संविधान में कहा गया कि दस वर्ष के भीतर चौदह वर्ष की उम्र वालों को फ्री शिक्षा मिल जायेगी। संविधान में कहा गया प्रोहिबिशन के बारे में, नशाबन्दी के बारे में। लेकिन तीनों के बारे में संविधान में कहने के बाद भी कोई स्टेज, कोई कार्यक्रम तय नही किया गया था उसी का परिणाम है कि तीनों स्टेज खटाई में पड़ी हैं। अगर उन सब बातों के बारे में, भाषा के बारे में, एजूकेशन के बारे में, नई नशाबन्दी के बारे में इसी प्रकार अमल किया गया होता तो मेरा ख्याल है हम लक्ष्य पर पहुंच गये होते। आज परिस्थिति क्या है? आज परिस्थिति यह है कि बीस वर्ष की आजादी के बाद हमारे यहां 78 प्रतिशत लोग हैं जो प्राइमरी स्कूलों में जाते हैं, अभी 22 प्रतिशत प्राइमरी एजुकेशन भी नहीं पाते और यह सारे देश का औसत है। अगर आप प्रांतों का औसत लीजिये तो ऐसे प्रान्त भी हैं जहां कुल 56 प्रतिशत लोग अभी प्राइमरी एजुकेशन पाये हुये हैं। अगर जिला स्तर पर जाइये तो ऐसे जिले भी हैं जहां सिर्फ 21 प्रतिशत लोगों ने प्राइमरी की शिक्षा पाई है। प्राइमरी स्तर तक शिक्षा देने के लिये मैं समझता हूं यह सही तरीका है कि आप अपने कार्यक्रम को दो हिस्सों में बांट कर तय करें तो संविधान में जो लिखा है वह पूरा हो सकता है। अगर आपने स्टेज तय करके कार्यक्रम नहीं चलाया तो मुझे शंका है कि, दस वर्ष तो गुजर गये, और दस वर्ष और गुजर जायेंगे लेकिन एडल्ट एजुकेशन का सवाल हल नहीं होगा। इसलिये स्टेज की जो बात कही गई है वह मामले की जो उलझा हुआ है, उसको सुलझाने की दृष्टि से किया गया है, वह संविधान को पीछे नहीं लाने वाला है, बल्कि संविधान में जो कुछ कहा है उसकी पूर्ति के लिये एक कदम है। (*Time bell rings*) एक मिनट और। जहां तक मतभेद का प्रश्न है, मैंने आप से शुरू में निवेदन किया कि चार मुख्य विषय हैं जिन पर मतभेद हैं हमारे सदस्यों में। एक तो है नेबरहुड स्कूलों के बारे में, दूसरा है क्षेत्रीय भाषाओं को माध्यम बनाने के बारे में।

मुझको अफसोस है कि हमारे मित्र डाह्याभाई पटेल और उनकी पार्टी के ही दूसरे सदस्य अमीन साहब इस विषय में हम से सहमत नहीं हो सके और बरुआ साहब भी सहमत नहीं हो सके। ये तीन मित्र हमारे हैं जो क्षेत्रीय भाषाओं के शिक्षा का माध्यम होने में सहमत नहीं हो सके। वैशम्पायन जी ने अपनी टिप्पणी में कहा कि क्षेत्रीय भाषायें रहें लेकिन उनके साथ साथ अंग्रेजी भी रहे इसलिये मैं उनकी असहमति को उस हद तक नहीं मानता। लेकिन तीन भाइयों की असहमति से मुझे दुख है। लेकिन आपको यह सुनकर आश्चर्य और प्रसन्नता होगी कि बाकी तीस मेम्बरों में से 26 मेम्बरों ने जो भिन्न भिन्न पार्टियों के थे, डी० एम० के० थे, संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के थे, पी० एस० पी० के थे, जनसंघ के, कम्युनिस्ट पार्टी के थे, कांग्रेस के थे और हमारे जैसे निर्दलीय भी थे, उन 26 मेम्बरों की राय उसके बारे में एक हुई है, केवल चार मेम्बर अलग रहे।

दूसरी बात आई है नेबरहुड या समान स्कूल के बारे में। चार सदस्य ऐसे हैं जिन्होंने उससे असहमति प्रकट की है।

जहां तक प्रश्न था कि शिक्षकों को राजनीति में हिस्सा लेना चाहिये या नहीं लेना चाहिये इसके बारे में दो सदस्यों का मतभेद। हमने सिफारिश की है कि

[श्री गंगा शरण सिंह]

अगर शिक्षक राजनीति में हिस्सा लेना चाहें तो आवश्यक रूप से कम्पलसरीली उनको छुट्टी ले लेनी चाहिये उस संस्था से जहां वह पढ़ाते हों रिपोर्ट में यह सब है, मैं ज्यादा समय नहीं लेना चाहता, मैंने सिर्फ संक्षेप में उसका जिक्र कर दिया। शिक्षा का विषय ऐसा है कि जिसके संबंध में आप पाइयेगा कि आज सर्वसम्मति नहीं हो सकती, किन्तु सर्वसम्मति नहीं होते हुये भी इतने अधिक दलों के लोगों का एकराय होकर सिफारिश करना एक नई घटना है

श्री तारकेश्वर पांडे (उत्तर प्रदेश) : किसके संबंध में ?

श्री गंगा शरण सिंह : शिक्षा का माध्यम और सभान स्कूलों के विषय में लेंगुएज त्रिभाषा सूत्र का प्रश्न उठता है। थ्री लेंगुएज फारमूला अगर सफल हुआ होता तो मुझे बड़ी प्रसन्नता होती। मैं भी उन लोगों में था शायद आपको पता हो कि नेशनल इन्टीग्रेशन कान्फ्रेंस में और नेशनल इन्टीगेशन काउन्सिल में जब थ्री लेंगुएज फारमूला स्वीकार हुआ था तो मैं काउन्सिल और कान्फ्रेंस दोनों का सदस्य था। थ्री लेंगुएज फारमूले के बारे में मैं अधिक नहीं कहता चाहता। इतना ही अतला देना चाहता हूं कि जो भी कारण हो, कारण में मैं नहीं जाना चाहता परिस्थिति चाहे जो हो शायद ही किसी राज्य में उस फारमूले का पालन किया गया हो। मैं नाम नहीं लेना चाहता। मुझ को थोड़ी जानकारी है प्रत्येक प्रान्त के बारे में। सबसे बड़ी बात यह है कि भारत सरकार ने यह तय किया कि अहिंदी भाषी प्रान्तों में हिन्दी के जो शिक्षक रखे जायेंगे उनका सारा खर्चा भारत सरकार देगी ; 45 लाख रु० साल हिन्दी के शिक्षकों के लिए देती है। (*Interruptions* मैं दोनों पर आ रहा हूं। जहां तक हिन्दी के शिक्षकों का प्रश्न है, शिक्षक रखे गये हैं, लेकिन एक प्रान्त के बारे में मैं जानता हूं कि हिन्दी की पढ़ाई तो हो सकती है लेकिन हिन्दी में परीक्षा देना अनिवार्य नहीं जरूरी नहीं। अब कौन पढ़ेगा आजकल के जमाने में अगर उससे कहा जाय इम्तिहान देना जरूरी नहीं है ? एक प्रांत है जहां इम्तिहान दे सकते हैं लेकिन दूसरे सबजेक्ट्स में पास करने के लिये जहां 35 प्रतिशत मार्क चाहियें वहां हिन्दी के लिये 15 प्रतिशत चाहियें और आवश्यकता होने पर उसमें 10 मार्क्स ग्रेस का मिल सकता है। एक सूबा है, जहां हिन्दी में परीक्षा देना जरूरी है, पढ़ना जरूरी है, लेकिन उस परीक्षा के मार्क्स सारे टोटल में नहीं जोड़े जायेंगे, उसकी बिना पर श्रेणी नहीं मिलेगी और उससे कोई लाभ नहीं होगा। इस प्रकार अन्य भिन्न भिन्न प्रान्तों का हाल है और चूंकि इस कार्य से मेरा संबंध रहा है। इसलिये हर सूबे की बात तफसील में बता सकता हूं, लेकिन उसके लिये समय लेना नहीं चाहता। एक सूबे में तो क्षेत्रीय भाषा और अंग्रेजी के अलावा क्षेत्रीय भाषा के विशेष अध्ययन को तीसरी भाषा का स्थान या रूप दिया गया है।

दूसरी ओर हिन्दी भाषी प्रान्तों में क्या हुआ है ? जो थ्री लेंगुएज फारमूला है वह हिन्दी भाषी प्रान्तों में भी लागू नहीं हुआ है इस लिये हमने रिपोर्ट में भाषा के चुनाव के संबंध में पूरी छूट देने की कोशिश की है। आज सवाल उठाया जाता है कि उत्तर प्रदेश या बिहार का आदमी अगर बंगला सीखे, उड़िया सीखे, पंजाबी सीखे तो शायद उसकी उपयोगिता होगी, अगर कोई तामिल मैसूर की भाषा सीखता है तो उसका क्या उपयोग होता है ? इसलिये अगर भाषा सीखने की कोई यटिलिटी है, आवश्यकता है, तो इस दृष्टि से भाषा के मामले में हमने छूट देने की कोशिश की है और जिस तरह सब के ऊपर बराबर बोझ पड़े उसका ख्याल रखा है। 3 P. M. अगर इससे भी कोई बढ़िया स्कीम निकले तो मुझे कोई उजर नहीं होगा और मैं समझता हूं कि एजूकेशन मिनिस्टर या किसी और को

कोई उजर नहीं होगा । यह तो कार्यक्रम का प्रश्न है । कार्यक्रम के बारे में एक चीज थी जो कि कारगर नहीं हुई, जो चलाई नहीं जा सकी और दूसरी चीज आपके सामने रखी जाती है । अगर इससे भी कोई अच्छी चीज निकल सके, यह सदन निकाल सके, देश निकाल सके, कोई भी निकाल सके, तो मैं यह कह सकता हूं कि हमारी कमेटी के जो मेम्बर हैं उन्हें बहुत खुशी होगी और मुझे ऐसा लगता है कि शिक्षा मंत्री और शिक्षा मंत्रालय को भी इससे खुशी होगी अगर इससे कोई बढ़िया चीज निकल सके । लेकिन हमने यह रिपोर्ट शून्य में नहीं लिखी है । हमारे पीछे कुछ इतिहास था, हमारे पीछे कुछ धारणायें थीं, कुछ अनुभव थे और हमारे पीछे कुछ पहले की हुई चीजें थी और उनके आधार पर उनसे लाभ उठा कर वर्तमान परिस्थिति में हमने यह रिपोर्ट लिखी । जहां तक उद्देश्य का सवाल है, जहां तक नीति का सवाल है, इसमें मुझे खुशी है कि हमारे कमेटी के सदस्यों ने एक राय जाहिर की और यहां पर भी उसके बारे में विरोध में नहीं कहा गया है । पद्धति में थोड़ा सा मतभेद है । लेकिन जो मुख्य मतभेद है वह कार्यक्रम के बारे में हुआ है । तो इस संबंध में मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर इससे कोई अच्छा सुझाव आने को तैयार हो कार्यक्रम के बारे में, तो इस बारे में किसी का दिमाग बंद नहीं है और उसको लेने के लिए हम सभी तैयार हैं । लेकिन अभी जो परिस्थिति है उससे इससे अच्छा हम लोगों को अपनी विद्या और बुद्धि के मुताबिक नहीं लगा । इसमें देश द्रोह का प्रश्न नहीं है, किसी को ठगने का प्रश्न नहीं है किसी को धोखा देने का प्रश्न नहीं है । इतना ही है कि हमने आपके सामने एक स्कीम रखी है, इस स्कीम पर काम करेंगे, आगे विचार करेंगे और उसकी रोशनी में आगे सारी चीजें करेंगे । यह सुझाव अंतिम नहीं है ।

मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं कि आना अपना कहने का अलग अलग ढंग है । किसी चीज को कोई किसी ढंग से कहता है और किसी चीज को कोई किसी ढंग से कहता है । हमारे सदन के कुछ मित्र यहां और बाहर जिस चीज को जिस ढंग से कहते हैं, उस ढंग से शायद मैं न कह सकूं । यह मेरी लाचारी है कहने के ढंग में । मां, मां भी है और पिता की पत्नी भी है । लेकिन मां को "मां" कहना और बाप की औरत कहने में बहुत बड़ा फर्क है । यह तो अपने अपने कहने का तरीका है कि "मां" को मां कहिये या बाप की औरत कहिये । जिस को जैसी ख्वाहिस होती है जैसी आदत होती है, जैसी रुचि होती है, उसी हिसाब से वह कहता है मेरी यह लाचारी है कि मैं उस सतह पर नहीं उतर सकता और इसलिए इसके बारे मे विशेष नहीं कहना चाहता ।

श्री अकबर अली खान : उर्दू के बारे में बतलाइये ।

श्री गंगा शरण सिंह : हमने जितनी भारतीय भाषायें हैं उनके बारे में कहा है और उर्दू भी उनमें एक है । यह जो 25 पेज की रिपोर्ट है उसमें हमने छः जगहों पर माइनारिटीज की भाषा के बारे में उल्लेख किया है ।

श्री अकबर अली खान : उर्दू का कोई रोजन नहीं है ।

श्री गंगा शरण सिंह : इसीलिए मैं कह रहा हूं कि उर्दू के बारे में कोई राजन का सवाल ही नहीं उठता है । जितनी हमारी भारतीय भाषाएं हैं शिड्यूल में उन सब के साथ हमने समानता का बर्ताव किया है । केन्द्र आज हिन्दी-अंग्रेजी के रूप मे द्विभाषी है । इसलिये हिन्दी-अंग्रेजी का अलग जिक्र है । जिन भाषाओं के राज्य भाषा होने के बारे में कांस्टीट्यूशन में लिखा गया है हमने उनका विशेष उल्लेख किया है । लेकिन हमने जहां प्रत्येक भारतीय भाषा के बारे में उल्लेख किया है वहां उर्दू को भी शामिल किया है । इसके अलावा कम से कम 25 पेज की रिपोर्ट में हमने छः जगहों पर माइनारिटीज की भाषा, उनके विशेष हितों की चर्चा की है ।

[श्री गंगा शरण सिंह]

सिर्फ उर्दू के बारे में अगर आप कहें तो फिर हमारे सामने सिंधी, एंग्लो इंडियन्स भी हैं और उन की भाषा को भी उसी स्तर पर समझना चाहिये । इसलिए इस संदर्भ में आप देखेंगे तो पायेंगे कि माइनारिटीज की जबानों के संबंध में कम से कम छः जगहों पर उल्लेख जरूर किया है और इसमें उर्दू भी शामिल है । अगर हम उर्दू के बारे में अलग कहते तो हमारे एंग्लो इंडियन भाई भी हैं, दूसरे भाई हैं, दूसरे माइनारिटीज की जबानें हैं, उनकी तरफ भी देखना चाहिये । इसके अलावा उर्दू के संबंध में हमारे और आपके जो विचार हैं, वह दूसरी चीज है । लेकिन यहां पर हम शिक्षा के संबंध में जिस स्तर पर विचार कर रहे हैं उसमें भारतीय भाषायें समकक्ष रहेंगी । इसमें उनके लिए ज्यादा ही गुंजायश रखी है कम नहीं रखी है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे इतना समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं ।

SHRIMATI SHYAM KUMARI KHAN (Uttar Pradesh): Mr. Vice-Chairman, after this brilliant exposition of the Education Committee report by my predecessor I am feeling a bit nervous of standing and giving my views. A very brilliant report by the Education Commission has been added to the galaxy of reports on education since the attainment of freedom. The report of the Committee of Members of Parliament on Education is a very useful one so far as we are concerned and I am, in the short time at my disposal, going to confine myself to this report. It is for the first time perhaps in India that a national policy on education has been given to us. We have been told that education is a powerful instrument for national development—social, economic and cultural. So far, education was almost a powerful instrument of the Development of the personality of the child, of the human being and then that human being because an asset of socity, Therefor I wlecome this in a way because at the moment, after 20 years of freedom I am one of those who feel that we have not invested properly in the human beings in the last 20 years; otherwise, we would not have seen all those things we are seeing today which had better be left unsaid.

So far as neighbourhood schools ore concerned, these have caused a great deal of controversy among the speeches that have been delivered in this House. I am one of those who, twenty years ago, believed in the principle of neighbourhood schools and sent my child to an ordinary municipal school. I confess the results were disastrous and when I placed the whole case before my own professor of the Allahabad University who was a very distinguished educationist, he advised me that I must withdraw the boy from the school but he quietly told me one thing. He said: "Will you kindly enquire what the salary is of the master to whom you have given this child of seven?' When I enquired about the salary, I got my answer. That master was drawing less than the salary of a Chaprasi in a Government office. That master to whom the people of the town were supposed to give their children for education, for the moulding of the child's mind was a man who was paid less than perhaps even a labourer. Therefore, in my opinion, the hub of the problem is the teacher. The Education Committee report may be excellent. The suggestions may be very good and the theme may be perfect but unless you have the teacher and a proper type of teacher, at that, you cannot bring success to any educational system in India. For that I would beg to submit that I have always felt that not only in regard to the teacher but in other departments also there is no justification to have any difference in the pay and emoluments as well as status of two sets of Government servants whether they are teachers or I.F.S. and I.A.S. officers or of any other services. All Government servants, of one service sta-

tus should have the same emoluments and same status. I am sorry that the Committee on Education has merely recommended an improvement in the status of the teachers. My own submission is there must be a revolution in the status of the teacher if we are going to do anything in education.

So far as neighbourhood schools are concerned, I told you what I did personally and in spite of my own experience 20 years ago, I am all for neighbourhood schools. My only submission to the Committee is that where they have recommended the neighbourhood schools, they have used the words:

> "The primary schools should be made the common schools of the nation by making it obligatory on all children irrespective of caste, creed, community, religion, economic condition or social status, to attend the primary schools in their neighbourhood".

I object to the word 'obligatory'. Within the next 5 years it is not possible for us to bring up our primary schools to the efficient status required. There may be children who can get the benefit of their birth because their parents are born in better circumstances. There may be children who may be able to afford a better school that is not a neighbourhood school. Why must you deprive those children of that school? Therefore my submission is that whereas the neighbourhood school, as my friend Shri Ganga Sharan Sinha said, must be the school for 90 or 99 per cent. of the people, if the word 'obligatory' remains even the 1 per cent. or 1 per cent. who can go to other schools will not be permitted to go there. There must be no regimentation in education. Even in places like Great Britain where education is free, they have got what they call 'Independent Schools'—they do not call them Public Schools but they call them Independent Schools and though these Independent Schools receive no grant whatsoever from public funds but they are open to inspection and they must register with the Department of Education and Science. As soon as they register with the Department of Education and Science, the Government gets power of control over the school. So instead of making it obligatory for a child to attend a neighbourhood school, why cannot you make it obligatory for the so-called Public School in India to open half their seats for children of lesser status and for children who cannot afford it.

SHRI AKBAR ALI KHAN: They have done it for a certain percentage. Yes, but that is on a semi-paying basis. Those who do send their children to these public schools belong to a very much higher status than the usual run of Indians. Nobody getting Rs. 500 a month can afford to pay even Rs. 100 for keeping his child in a public school. Even with a scholarship that is what he has to spend. Otherwise a public school costs Rs. 375 per month which no average Indian can be expected to afford. So my submission is that during this transition period, till we can bring up our neighbourhood schools to the standard we all desire, we should continue with all other types of schools even encouraging voluntary agencies to run them. After all, we have been appealing to non-official and voluntary agencies to start nursery schools. Therefore private schools must not be completely eliminated from the scheme of things.

Then again the question of language has been raised a great deal and the greatest compliment that one can pay to this Commission is that the Hindi-loving people feel that Hindi has been finished and the people who believe in English feel that English has been completely eliminated. I submit that no language that exists can be finished. As a student of literature and as one who loves literature I can say that no language can also be imposed on any country or any people. A language belongs to the people. The cloister and cell with

[Shri Akbar Ali Khan]

their research scholars can develop a language, but only that language remains that really belongs to the people. I know English has helped us to get educated in the past. I have been educated in English and therefore I am speaking in English. But English cannot be our national language. It has to be replaced by another language in ten or fifteen years. Actually we need not fix any time limit, but this has to come. I believe also in the voluntary aspect for people to learn the link language. Nevertheless, we must have a national language and there is no doubt that every country must have a language of its own. There is also no doubt that every child has a right to be educated in its own mother-tongue. We cannot deny these two rights to the people. It is impossible for the child to learn properly if the child is not educated in its mother-tongue. It is impossible for India to exist if we do not have a link language and it is impossible for India to be a world figure if we eliminate English completely. These are the things which we have to accept and within the framework of these three things we have to evolve and draw up our scheme. This Report does not give a detailed scheme. That scheme, I expect, will be worked out in detail by consultations with various States, after consultations with various educationists and after taking into account what the official language will be. Therefore, I do not want to say anything more on the question of language, except that the Regional language, the link language and English also must continue.

Mr. Vice-Chairman, social integration has been spoken of and we have derived a great deal of satisfaction from the fact that it has been accepted that pre-school training, and nursery schools will be run as they are today, by non-official and social workers or by voluntary agencies. There is no doubt that unless the pre-school child is looked after, the primary school will not be a success. Education for the child must begin much before he goes to the primary school. Here I would appeal to the Education Department to give every facility to those voluntary agencies that are prepared to take the responsibility of running schools. It has been a very long period of service that these voluntary agencies have been doing in the field of education in our country. Education is the subject which voluntary agencies and social workers have always worked for. Therefore I appeal and assert that the Government must think of them now. I may also go further and say that at this moment unless the Government helps them to do this work in the field of giving training to the children, unless Government helps them to come forward and take up this pre-school education or even primary schools in various places, this scheme will not be a success. They should be helped, as there will be a shortage of teachers, there will also be a shortage of trained teachers. Training cannot be given overnight. There will have to be a period of training. Therefore I have a suggestion to make. There is a very large number of educated women in this country who are doing nothing. We must appeal to them, appeal to their better sense to take to some teaching work. I would even go a step further and say that we may even conscript the educated woman, the graduate woman who is sitting at home, and ask her to come and help in the pre-school training of the child or even work in the neighbourhood school. I can assure you that if there is a regular agency to do the needful these women will come. I am in touch with them in another capacity and they have expressed their desire to serve, but they just do not know how and where to go. It is for the Education Minister to give opportunities to such people to serve.

Another suggestion is that we always have some brilliant students in our colleges. You have said that

social welfare will also be encouraged. So these brilliant students can be persuaded to give one hour a day or five hours a week for teaching smaller classes. This need not necessarily be in the schools. I know a time in Allahabad when a student of the M.A. Final class was actually taking classes of the M.A. Previous students. If this type of service is developed it will be helpful. I am only throwing out suggestions to make this Report a great success. I do feel, Mr. Vice-Chairman, that this Report will do yeoman service in the cause of education. Though I feel that in education there cannot be any limits, that in matters connected with the mind there must be no limits and knowledge should have no boundaries or restrictions, I do feel that this Report, if fully implemented, will go very far in advancing the educational progress of our country.

SHRIMATI C. AMMANNA RAJA (Andhra Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, I must really compliment the hon. Minister of Education for having taken up this matter seriously and tried to lay down a national policy for the country in the matter of education. The Parliamentary Committee and the main Commission, I mean the Kothari Commission, have taken great pains to go into the matter in detail and to evolve a scheme. It may not be altogether satisfactory, but it is some basis on which to proceed.

The main thing which we have to refer to and which this Report has dealt with at length is the language policy of the country. There have been many committees and commissions as the previous speaker Shrimati Shyam Kumari Khan has said. There was the Radhakrishnan Committee on education, there was the Mudaliar Commission. But I must really admit that I do not know whether every time there has been a report we have been pregressing or taking a retrograde step. There was the scheme for Higher Secondary and them the Pre-University course. There were the multi-purpose schools and even before that we remember we had the basic education. I do not know how many are satisfied with these experiments. We are really experimenting with the children of the day. As for basic education, I do not know how many here feel that it has been a success. I know to my cost that these multi-purpose schools have bungled. The students coming out of these multi-purpose schools, particularly those giving training in engineering and other such subjects, were fit neither for higher education nor for technical courses. Now even the Kothari Commission has recommended the three language formula which to a very great extent was acceptable to almost all the States of the country. Now I do not know why this Committee has made it a two language formula. Shri Ganga Sharan Sinha was hesitant about mentioning the States which did not follow the three language formula. Most of us have attempted to work it and it was to a very great extent a success and to the satisfaction of most of us. That is, we had our own mother tongue or regional language, Hindi and English. The only State which did not like Hindi was Madras and they did not implement the national policy. That was the only State and because of them the whole thing had to be reopened to the deteriment of the whole lot of us. So I feel that we must revert to the three language formula. Hindi, of course, has to be recognised as the national language. Though it has not been so far, it must be our national language and English has to find a place in our education. We have received our education in English and we know that it is not only an international link but our national link also is the English language. As a sincere Congress worker I have always liked to learn Hindi. I can read it but I cannot speak fluently. It is not that we are against Hindi language; we like it but we have to learn it gradually. But as far as I know I feel very doubtful if Hindi can ever replace English and so I feel

[Shrimati C. Ammanna Raja]

that English must be the language for university education.

SHRIMATI DEVAKI GOPIDAS (Kerala): It is easier for children to study.

SHRIMATI C. AMMANNA RAJA: Whatever is easy for the children to study, we have to accept and that is why we recommend that. Even in the Kothari Commission Report they have suggested that English must be taught even from the beginning. Not only that; I feel that we must recognise English as one of the national languages just like the other fourteen languages. There are so many Anglo-Indians who are living in the country today and whose mother tongue is English. There are so many people in the West Coast, for instance in Goa, Mangalore and other places, who speak Konkani at home—it is not a written language—but whose language is actually English. Now that we are free we need not be afraid of adopting English as one of our national languages.

AN HON. MEMBER: Hear, Hear.

SHRIMATI C. AMMANNA RAJA: Yes, Mr. Pande will question.

SHRI TARKESHWAR PANDE: I never question. Why should I question you?

SHRIMATI C. AMMANNA RAJA: I am sorry. So we must not feel shy of anything. We must not stand on prestige. We must see how best we can take the country forward and this is how I feel we really can take the country forward. So many people have said yesterday that we do not have proper literature in many of these languages and particularly in Hindi for these languages to become the medium of instruction at the university level. If we did that we will be bungling further. And here I want to suggest one thing. How much time do we give for discussing this important subject? Just two or three days are mentioned. Is that sufficient for discussing a Report which is going to have far-reaching consequences? There wil be so many people protesting here who will not get a chance to give their views. Why should we not give a little more time to discuss this Report which, as I said, is going to have far-reaching consequences? This problem cannot be easily solved like that. We must hear everybody's views and lay down a national policy.

Now, neighbouring schools are good. As Shrimati Shyam Kumari Khan said, even in the Consultative Committee I have been saying that they have not come up to the standard so that we can send our children there. How many of them have got buildings? I have been touring the villages and on most of the rainy days the class rooms become wet and nobody can say when the roof will come down. How many of them have got libraries? How many of them have got laboratories? Instead of improving them first, we should not take any step which wil take us only backward.

SHRIMATI YASHODA REDDY (Andhra Pradesh): How many Ministers have their children in Indian schools, let alone the neighbouring schools?

SHRIMATI C. AMMANNA RAJA: Why should we think of the Ministers? Today somebody is a Minister; tomorrow he is not. I do not care what they do. In the olden days Krishan and Kuchela, both of them, were attending the same school. There was no difference then. It is not because of class difference or anything like that that I say this. The point is, the schools must be up to the standard for everybody to go there. Why should we have any prejudice against Public Schools? Shrimati Shyam Kumari Khan said that half the children must be from the poorer sections. It is not a question of the poor or the rich. The Government must maintain the schools and the Government must subsidise them.

They must give scholarships to such of those who have merit and who pass with brilliant marks so that we can have at least one set of people who are really getting good training. Public Schools I cannot afford but the children are sent to the Public Schools for the very good training that is given there. They are taught horse riding; proper manners are taught to the children. There are so many other things taught there which are not taught in the other schools. So we must have better schools. We should have no prejudice and we must have certain schools where at least a few people can get real good education, good manners and good training. As for minorities, minorities must be protected everywhere. It is all right for the Government to lay down policies, but how much of them is implemented I want to know. Today we hear that in Orissa Telugu papers are boycotted, Telugu pictures are boycotted, Telugu people are ill-treated. Is this the way we are going to have national integration?

SHRI N. PATRA (Orissa): There is not a single Oriya M.L.A. in Andhra whereas one Andhra gentleman from Orissa is a Minister of State at the Centre.

SHRIMATI C. AMMANNA RAJA: Please do not start such things. By your speech don't encourage your people to . . .

